

# नेशनल कांफ्रेंस ऑफ सोब्सआईकॉन का हुआ समापन

## मेडिकल कॉलेज में आयोजित कांन्फ्रेंस में पहुंचे चिकित्सकों ने जटिल रोगों के बारे में रखे विचार

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 26 अक्टूबर।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्याल एवं चिकित्सालय शिवपुरी में अधिष्ठाता डॉक्टर डी.परमहंस के मार्गदर्शन एवं बायोमेस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉक्टर शशांक त्यागी के नेतृत्व में बायोकेमेस्ट्री विभाग द्वारा 4 दिवसीय आयोजित राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस सोब्सआईकॉन 2025 का समापन रविवार को हुआ।

कॉन्फ्रेंस में देश एवं प्रदेश से आए हुए डॉक्टर एवं वैज्ञानिकों ने अपने शोध प्रस्तुत किये जिससे नवीन तकनीकी और जानकारी का आदान-प्रदान कर चिकित्सा शिक्षा को गुणवत्ता पूर्ण बनाने में मदद मिल सके, जिससे आगामी भविष्य में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित किया जा सके। इसी के साथ-साथ



चिकित्सक सामाजिक परिवेश में ईमानदारी से मरीजों को यथासंभव इलाज देकर समाज हित में कार्य करने पर विस्तृत विस्तृत चर्चा कर अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान एमपी मेडिकल काउंसिल के द्वारा नामित ऑब्जर्वर डॉक्टर कमल कच्छावा प्रोफेसर बायोकेमेस्ट्री विभाग जीएमसी दतिया के तत्वाधान में कॉन्फ्रेंस का निरीक्षण संपन्न हुआ।

इस दौरान प्रोफेसर डॉ. धर्मवीर शर्मा ने बताया कि कांफ्रेंस में 200 से ऊपर देश प्रदेश के डॉक्टर्स एवं वैज्ञानिकों द्वारा शोध पत्र, पोस्टर प्रेजेंटेशन, यंग साइंटिस्ट सेशन चलाए गए। इन सेशन का मुख्य उद्देश्य युवा छात्र- छात्राओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आकर्षित करना है। सेशन के बाद शिव की नगरी शिवपुरी के टूरिस्ट स्थानों का भ्रमण कर सांस्कृतिक विरासत को अपने अपने मोबाइलों में सेल्फी के रूप में कैद किए गए। इस दौरान डीन डॉक्टर डी.परमहंस, अधीक्षक डॉक्टर आशुतोष चौऋषि एवं सोब्सआईकॉन 2025 के डॉक्टर सुखेश मुखर्जी एम्स भोपाल, डॉक्टर बी एस डाँगी पीपुल विश्वविद्यालय, डॉक्टर अनंत राखोन्डे, डॉक्टर पंकज शर्मा, डॉक्टर धर्मवीर शर्मा, सचिव डॉ ज्योति शुक्ला, डॉ शालिनी रत्नाकर, डॉ नरेन्द्र, सहायक पीआरओ राहुल अष्ठाना,सहित एमबीबीएस छात्र-छात्राओं,पैरामेडिकल स्टाफ सहित कॉलेज के स्टाफ उपस्थित रहे।

# तीन वर्ष से फरार पाँच हजार रुपए के इनामी आरोपी को सुरवाया पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 26 अक्टूबर।** थाना सुरवाया पुलिस ने तीन वर्ष से फरार चल रहे 5000 रुपए के इनामी आरोपी बृजेश बोहरे को गोला का मंदिर क्षेत्र, ग्वालियर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशन में जिले में इनामी और फरार अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अरविंद छारी के नेतृत्व में सुरवाया थाना क्षेत्र के अपराध क्रमांक 1/2023 धारा 406, 409 भादंवि में वांछित आरोपी बृजेश बोहरे पुत्र धनीराम बोहरे (आयु 48 वर्ष), निवासी ग्राम रिझौरा थाना चीनोर, जिला ग्वालियर, की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे।आरोपी की गिरफ्तारी पर 5000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम ने अथक प्रयासों के



बाद 25 अक्टूबर 2025 को आरोपी को गोला का मंदिर ग्वालियर से गिरफ्तार किया। उसे 26 अक्टूबर को माननीय न्यायालय में पेश किया गया।आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी अरविंद छारी, सउनि विवेक भट्ट, प्र.आर. 409 हर्ष झा, प्र.आर. 402 कमलकिशोर कबीर, प्र.आर. चालक 884 राजेन्द्र यादव, आर. 1030 देशराज राठौर और आर. 876 संतोष कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

# नाबालिग अपहृता को किया बरामद, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 26 अक्टूबर।** थाना अमोला पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को दर्पण कॉलोनी, शिवपुरी से बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया तथा आरोपी करण नामदेव को गिरफ्तार कर न्यायालय करैरा में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर जिलेभर में नाबालिग बालक-बालिकाओं की बरामदगी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अमोला पुलिस ने यह सफलता अर्जित की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी अमोला अंशुल गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 23 अक्टूबर 2025 को दर्पण कॉलोनी शिवपुरी से अपहृता को सुरक्षित दस्तयाब किया। बालिका के कथनों के आधार पर आरोपी करण नामदेव निवासी अमोलपठा थाना अमोला के विरुद्ध प्रकरण में धारा एक सौ सैंतीस (दो) भारतीय दंड संहिता (बी.एन.एस.), इजाफा चौंसठ (एक), भारतीय दंड संहिता तीन/चार पाक्सो एक्ट, तीन (एक) (डब्ल्यू-दो), तीन (दो) वी-ए अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध जोड़ा गया।इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी अभिमन्यु राजावत, प्रधान आरक्षक शेरसिंह गौर, आरक्षक भगवान सिंह, आरक्षक प्रदीप कुमार, आरक्षक राहुल कुमार एवं आरक्षक नीतेंद्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## माधव महाकाल आश्रम में दो को अन्नकूट

**सीहोर 26 अक्टूबर.** हर साल की तरह इस साल भी श्री माधवमहाकाल आरोग्य आश्रम परिवार के तत्वाधान में दो नवंबर को भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन राष्ट्रीय कथा व्यास पंडित मोहित राम पाठक के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा. इस मौके पर कथा व्यास पंडित श्री पाठक ने कहाकि सेवा और दान के काम में हमेशा आगे रहना इसलिए ज़रूरी है, क्योंकि यह व्यक्ति और समाज दोनों के लिए कल्याणकारी होता है. यह न केवल ज़रूरतमंदों की मदद करता है, बल्कि देने वाले को भी मानसिक संतुष्टि और खुशी देता है.

# विद्यालयों में होगा 'एफएलएन मेला' का आयोजन : बीआरसीसी

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी/बदरवास 26 अक्टूबर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत 'निपुण भारत' पहल के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रदेशभर में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अक्टूबर माह में जिले की समस्त शासकीय प्राथमिक शालाओं में 'बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन)' मेले का आयोजन किया जा रहा है। बदरवास विकासखंड में यह मेला 30 अक्टूबर को आयोजित होगा। जानकारी देते हुए बीआरसीसी तोमर ने बताया कि कार्यक्रम जिला शिक्षा केंद्र एवं जिला परियोजना समन्वयक के मार्गदर्शन में संपन्न होगा।बीआरसीसी तोमर ने कहा कि 'निपुण भारत' योजना में अभिभावकों और समुदाय की सक्रिय सहभागिता को विशेष महत्व दिया गया है। घर और समुदाय के माध्यम से बच्चे दैनिक जीवन की गतिविधियों से प्रारंभिक साक्षरता एवं गणित की आधारभूत समझ विकसित कर सकते हैं। इसी दिशा में एफएलएन

**एफएलएन मेला 30 अक्टूबर को बदरवास ब्लॉक में आयोजित होगा**

मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें माताओं की भूमिका प्रमुख रहेगी। प्रमुख गतिविधियांमाताओं के निर्देशन में खिलौने बनाना- मिट्टी, कागज, पत्तों और धागों से खिलौने बनाकर बच्चों की सहभागिता बढ़ाई जाएगी।शिक्षक के निर्देशन में 'मैं कितना बड़ा/बड़ी हूं?' गतिविधि- बच्चों की ऊँचाई




और वजन में हुए बदलाव को 'हाइट चार्ट' के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। चित्र से कहानी बनाना समूह में बच्चों को चित्र दिखाकर उनसे कहानी कहने व सोचने की प्रेरणा दी जाएगी।घेरे और गोले बनाओ खेल: शिक्षक द्वारा बताई गई संख्या के अनुसार बच्चे उतने घेरे बनाएंगे।अन्य प्रस्तावित गतिविधियां माताओं के नेतृत्व में 'समय से दोस्ती', 'कैलेंडर से दोस्ती', वस्तुओं का ज्ञान और 'ठीक पहले-ठीक बाद में' जैसी शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनके लिए माताओं का पंजीयन और सूची तैयार की जाएगी।

**रहेगा विशेष फोकस :** शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी, बच्चों का कोना- इन्हीं बिंदुओं के आधार पर कक्षा एक और दो के विद्यार्थियों का एफएलएन मेला रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जाएगा। तैयारी के लिए बैठकें आयोजित की जा रही हैं। मेले के प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा तथा सहायक प्रभारी सेवक चंदेल होंगे। बीआरसीसी कार्यालय के अनुसार, कार्यक्रम उपरांत गूगल सेट अपडेट करना अनिवार्य रहेगा। जिला शिक्षा केंद्र द्वारा सभी जनशिक्षकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम डाइट में आयोजित किया गया है।

# घर के सामने से लापता हुआ 4 वर्षीय बालक, फिजीकल पुलिस ने सुरक्षित माता-पिता को सौंपा

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 26 अक्टूबर।** फिजीकल थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घर के सामने से लापता हुए चार वर्षीय बालक को कुछ ही घंटों में सकुशल खोज लिया और परिजनों को सुपुर्द किया।जानकारी के अनुसार 25 अक्टूबर 2025 को आदेश श्रीवास्तव निवासी सिद्धेश्वर कॉलोनी, शिवपुरी ने थाने में सूचना दी थी कि उनका चार वर्षीय पुत्र दोपहर लगभग 1:30 बजे घर के बाहर खेलते-खेलते लापता हो गया है। सूचना मिलते ही फिजीकल थाना पुलिस का पूरा दल मौके पर




पहुंचा और आसपास के क्षेत्र में बच्चे की तलाश शुरू की। साथ ही सोशल मीडिया और कंट्रोल रूम के माध्यम से भी जानकारी साझा की गई।कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि किसान बूट हाउस, माधव चौक के पास एक बालक मिला है। इस पर पुलिस टीम बच्चे के माता-पिता को लेकर मौके पर पहुंची और पहचान कराने पर लापता बालक को सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया गया। फिजीकल थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टीमवर्क और संवेदनशीलता का परिचय दिया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक नवीन यादव, प्रआर उदल गुर्जर (504), प्रआर अंकित सिंह राजावत (22), प्रआर सुशील जाट (486), आर हरिओम यादव (518), आर विजय मीणा (68) की सराहनीय भूमिका रही।

# बलात्कार के फरार आरोपी सागर आदिवासी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 26 अक्टूबर।** थाना फिजिकल पुलिस ने अपराध क्रमांक 116/2025 में फरार चल रहे बलात्कार आरोपी सागर आदिवासी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थ, जुआ-सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन-परिवहन, अवैध शराब नियंत्रण और नाबालिग बालिकाओं की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अति. पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और सीएसपी संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।थाना फिजिकल क्षेत्र की एक फरियादिया ने 1 मई 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी को सागर आदिवासी बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। इस पर से अपराध क्रमांक 116/2025 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।विवेचना के दौरान 21 अक्टूबर 2025 को नाबालिग अपहृता को करौंदी कॉलोनी, शिवपुरी से बरामद किया गया। पीड़िता के कथनों के आधार पर मामले में धारा 64(2)एन, 65(1), 87 बीएनएस तथा 5(एल)/6 पाक्सो एक्ट का इजाफा किया गया। इसके बाद 23 अक्टूबर 2025 को आरोपी सागर आदिवासी पुत्र बादाम आदिवासी (19 वर्ष), निवासी करौंदी कॉलोनी शिवपुरी को गिरफ्तार कर न्यायिक निरोध में भेजा गया। पुलिस टीम में निरीक्षक नवीन सिंह यादव, उप निरीक्षक भावना राठौड़, प्रधान आरक्षक 504 उदल गुर्जर, महिला आरक्षक 1028 रानी तोमर, 1025 अंजली और 1072 रुबी तोमर की सराहनीय भूमिका रही।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सीहोर 26 अक्टूबर.** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नपाओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 की तैयारी के लिए प्रक्रिया एवं समय सारणी जारी की गई है. आयोग द्वारा निर्धारित समय सारणी के तृतीय चरण की कार्यवाही में संशोधन किया गया है. जिसमें दावा आपत्ति प्राप्त करना एवं अंतिम मतदाता सूची तैयार करने का कार्य किया जाएगा.

तृतीय चरण के संशोधित कार्यक्रम अनुसार दावा आपत्ति आवेदन पत्रों के निराकरण की अंतिम तिथि 04 नवंबर है. निराकृत दावा आपत्ति आवेदन पत्रों की प्रविष्टि की अंतिम तिथि 10 नवंबर, दावे आपत्ति की चैकलिस्ट तैयार करने की अंतिम तिथि 13 नवंबर, चैकलिस्ट की जाँच कर त्रुटि सुधार उपरांत वेण्डर को वापस करने तथा फोटोयुक्त और फोटो सहित अंतिम मतदाता सूची जनरेट करने की अंतिम तिथि 17, फोटो सहित अंतिम मतदाता सूची को वेबसाइट पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 18, फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची को मुद्रित कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि 20 नवंबर, फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का नपा वार्ड तथा अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन की अंतिम तिथि 21 नवंबर, फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची के सार्वजनिक प्रकाशन का प्रमाणपत्र स्केन कर अपलोड करने, अंतिम मतदाता मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि आगामी 22 नवंबर निर्धारित की गई है.

# महाविद्यालय की समस्यायों को लेकर सिंधिया ने कलेक्टर को लिखा पत्र

नवभारत न्यूज

**पोहरी, 26 अक्टूबर।** पोहरी में शासकीय महाविद्यालय की लगातार चलती समस्याओं को लेकर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नरोत्तम धाकड़ ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र भेजकर समस्याओं की जानकारी दी गई थी। जिससे महाविद्यालय के बच्चों को सुविदा मिल सके7 नरोत्तम धाकड़ के पत्र पर संज्ञान लेते हुए सिंधिया ने शिवपुरी कलेक्टर को पत्र लिख समस्या का समाधान करने के लिए पत्र लिखा है। बता दें की पोहरी महाविद्यालय में बाउंड्री वॉल न होने के कारण

**जनभागीदारी अध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री का किया आभार व्यक्त**

असामाजिक तत्व कॉलेज परिसर में प्रवेश कर जाते हैं। जिससे छात्र-छात्राओं में सुरक्षा को लेकर



निरंतर भय की स्थिति बनी रहती है। महाविद्यालय में बोर की सुविधा न होने से गर्मी के दिनों में छात्र-छात्राओं को पानी के लिए महाविद्यालय से बहार जाना पड़ता है। धाकड़ के भेजे गए पत्र पर शीघ्रता से कार्रवाई करते हुए सिंधिया ने शिवपुरी कलेक्टर को तुरंत निर्माण व उत्खनन संबंधी कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं और कहा कि प्रगति से अवगत कराया जाए।

**जनभागीदारी अध्यक्ष ने सिंधिया का किया आभार :** पोहरी शासकीय कॉलेज में बाउंड्री वॉल और बोर की मांग को पूरा करते हुए छात्रों के हित में बड़ा कदम उठाने पर हम ज्योतिरादित्य सिंधिया के आभारी हैं। वे हमेशा शिक्षा और युवा हितों को प्राथमिकता देते हैं, इस निर्णय के बाद विद्यार्थियों, अभिभावकों और कॉलेज प्रबंधन में हर्ष की लहर है। लोगों का मानना है कि कॉलेज की व्यवस्थाओं में सुधार से शिक्षा का माहौल अधिक सुरक्षित और बेहतर है।

**धार्मिक** | कुबेरेश्वर धाम पर ऑनलाइन शिवमहापुराण कथा में अर्धनारीश्वर स्वरूप पर सजाई झांकी

# शिव महापुराण कथा मनुष्य के जीवन को बनाती सुलभ : पं. मिश्रा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 26 अक्टूबर.** शिव महापुराण कथा मनुष्य के जीवन को सुलभ बनाती है. जन्म-जन्मांतर के पुण्य कार्य उदय होने पर ही संतों के श्रीमुख से प्रभु की महिमा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है. भक्ति में लीन होकर ईश्वर के नाम का गुणगान व प्रार्थना करने से ही जीवन को सफल बनाया जा सकता है.

उक्त विचार आन लाइन शिव महापुराण के दूसरे दिन कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे. उन्होंने कह जिंदगी में कई बार विपरित हालातों से भी सामना करना पड़ता है।.तब हौसला नहीं खोना चाहिए. चित्त की शांति और चेहरे की मुस्कान ही हमारी असली ताकत होती है। जीवन के तमाम समस्याओं का हल सिर्फ एक लोटा जल है. भगवान शिव पर जल अर्पित करने से हमारे संकटों का हल मिलना शुरू हो जाता है. शिव भक्ति के लिए सादगी और विश्वास की आवश्यकता होती है. आगामी दिनों में धाम पर एक कमरे के निर्माण होने जा रहा है. उनमें कथा के दौरान आने वाले पत्रों को रखा जाएगा. यह पत्र उन श्रद्धालुओं के जिन्होंने एक लोटा जल हर समस्या का हल के द्वारा भगवान शिव की भक्ति के द्वारा कष्टों का निवारण का उल्लेख है. इन पत्रों में लोगों की समस्याएं और सफलता की कहानियाँ होती हैं।

उन्होंने कहाकि आप किसी के 99 कार्य कर दो, लेकिन एक कार्य नहीं करोगे तो वह आपके 99 कार्य को नहीं देखेगा. वह तो यही देखेगा कि आपने एक कार्य नहीं किया. इसी प्रकार मनुष्य भगवान से अनेक प्रकार की प्रार्थना करता है, लेकिन भगवान भक्त की वहीं कामना पूरी करता है जो भक्त के लिए सुखदायक हो. इंसान और ईश्वर में यही अंतर है। रविवार को कथा के दूसरे दिन भगवान शिव के अर्धनारीश्वर का प्रसंग सुनाया. इसमें बताया कि शिव व शक्ति दोनों एक ही रूप है।.अर्धनारीश्वर रूप में सृष्टि के निर्माण की कहानी छिपी है.कथा के दूसरे में अनेक पत्रों का वर्णन किया, इस मौके पर नागदा उज्जैन से आई एक महिला के पत्र का वर्णन किया. पत्र में महिला ने बताया कि नौ सालों से उनके यहां पर संतान नहीं थी, लेकिन कथा का श्रवण करने के साथ शिव की कृपा और उनके विश्वास से उनके यहां पर संतान का जन्म हुआ है और वह कुबेरेश्वरधाम पर आशीर्वाद लेने आई है. इस तरह के हजारों की संख्या में धाम पर पत्र आते है, जिनमें श्रद्धालुओं के कष्टों का निवारण का उल्लेख रहता है. पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि आगामी दिनों में धाम परिसर में एक कमरे का निर्माण होने जा रहा है. वह पूरी तरह कांच का होगा, इसमें पत्रों को संग्राहित किया जाएगा, इस कमरे में रखे पत्र इतिहास में साक्षी रहेंगे कि जिन्होंने भगवान पर विश्वास कर अपने जीवन को सफल किया है.

# पांच दिन बाद भी दो मासूम बच्चों की मौत का रहस्य बरकरार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 26 अक्टूबर.** दीपावली के दिन अपने दो मासूम बच्चों की जिंदगी का दीपक बुझने वाले बेबस पिता को पांच दिन बाद भी नहीं मालूम कि उसके दो बच्चों की मौत किन कारणों से हुई है. हालांकि पिता व परिजनों ने कोठरी के एक निजी क्लीनिक संचालक पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए थाने में पहुंचकर शिकायत भी कि लेकिन पुलिस ने भी पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही आगामी कार्रवाई करने का कहते हुए पल्ला झाड़ लिया है. यही बात स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कह रहे हैं.

गौरतलब है कि आष्टा तहसील के ग्राम कचनारिया निवासी अखिलेश मालवीय के 8 वर्षीय वंश, बेटी वंशिका और अंशिका की तबियत खराब हुई थी. वह उन्हें लेकर कोठरी के एक निजी क्लीनिक गया था. वहां बच्चों को

- **दिवाली के दिन कचनारिया के दो मासूम बच्चों की हुई थी मौत**
- **स्वास्थ्य विभाग व पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार**

इंजेक्शन लगाकर सिरप दिया गया था. उसके बाद वह रात में बच्चों को लेकर घर आ गया था. रात में बच्चों की तबियत फिर बिगड़ गई. सोमवार सुबह 5 बजे अंशिका मालवीय ने दम तोड़ दिया. उसे दफनाने के बाद वंश और वंशिका की हालत ज्यादा खराब हुई तो परिजन आष्टा अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर ने सीहोर रेफर कर दिया. रास्ते में वंश की भी मौत हो गई जबकि वंशिका को भोपाल हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया था.

इस मामले ने स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप का माहौल निर्मित कर दिया था. आनन-फानन में विकासखण्ड के मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित माथुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉ. बीके डोहर ने स्वास्थ्य दल के साथ 20 एवं 21 अक्टूबर को कचनारिया का भ्रमण किया. इस दौरान मृतक बच्चों के परिवार के अलावा ग्राम में कोई भी उल्टी, दस्त, बुखार के लक्षणों वाला केस नहीं मिला. इसके बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा पीएम रिपोर्ट आने की बात कहते हुए मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया.

नतीजतन गत गुरुवार को पिता और परिजनों ने आष्टा थाने पहुंचकर पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की. परिजनों का कहना था कि कोठरी के निजी क्लीनिक पर बच्चों का गलत उपचार किया गया था जिसकी वजह से उनकी मौत हो गई. हालांकि, पुलिस ने अभी निजी क्लीनिक पर बच्चों को दिए गए उपचार के बारे में कभी कोई जांच-पड़ताल नहीं की है, पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है. इसके बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी.